# दिनॉक 22.07.2022 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की वर्चुवल बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– श्री अनुज सिंह, जिलाधिकारी, सीतापुर।
2– श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
4– श्री सुनील कुमार शुक्ला, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
5– श्री हरीश चन्द्र यादव, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0।
6– श्री एल0 चन्द्रराव, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।
7– श्री एन0 राजेश, असिसटेन्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 एल0 एण्ड टी0 एवं मे0 एन0सी0सी0 द्वितीय–फेज एवं तृतीय–फेज को आवंटित ग्रामों की भौतिक प्रगति, भूमि प्रस्ताव तथा डी0पी0आर0 की समीक्षा की गयी, स्थिति निम्नवत् है:–

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0–**

1– अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया कि मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 को 285 नग पियोजनाओं के सापेक्ष मात्र 81 ग्राम पंचायतों में वितरण प्रणाली का कार्य प्रारम्भ किया गया है। अभी तक कुल 418 मी0 पाइप लाइन डाली गयी है एवं 2973 नग FHTC का कार्य कराया गया है, मात्र 15 योजनाओं पर ओ0एच0टी0, 05 योजनाओं पर पम्प हाउस एवं 105 योजनाओं पर ट्यूबवेल का कार्य प्रारम्भ किया गया है। मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 400 मैनपावर कार्य कर रही है एवं प्रतिदिन 200 नग FHTC का कार्य कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा वांछित प्रगति न मिलने की वजह से नाराजगी व्यक्त की गयी एवं फर्म को निर्देशित किया गया कि वर्क प्लान बनाकर अगली मीटिंग तक प्रस्तुत करें एवं मैनपावर एवं संसाधन बढाते हुए कार्य को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो द्वारा अवगत कराया गया कि 395 नग डी0पी0आर0 तैयार कर जॉच हेतु प्रेषित कर दिय गये है शेष 168 डी0पी0आर0 में से 24 नग डी0पी0आर0 तैयार किये जा चुके है शेष डी0पी0आर0 शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किये जायेगें, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि अगले सप्ताह डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की बैठक में 100 डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा FHTC की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देश दिये गये कि अगले एक सप्ताह में 7000 FHTC (प्रतिदिन 1000 FHTC) का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**मे0 एन0सी0सी0 लि0–**

1– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 325 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष 306 नग डी0पी0आर0 पूर्ण हो चुके है, अवशेष डी0पी0आर0 बनाये जा रहे है, शीघ्र ही प्रस्तुत कर दिये जायेगें, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष डी0पी0आर0 शीघ्र पूर्ण कर डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की बैठक में प्रस्तुत करें।



Scanned by CamScanner

(12)

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा FHTC की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देश दिये गये कि अगले एक सप्ताह में 7000 FHTC (प्रतिदिन 1000 FHTC) का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

3– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अनुरोध किया गया कि वाटर वर्कस् हेतु जमीन का प्रस्ताव यथासंभव ग्राम पंचायत के बीच वाले राजस्व ग्राम में दिया जाय, जिससे कि डी0पी0आर0 की Per-capita Cast यथासंभव कम किया जा सके, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त तहसीलदारों को यह निर्देशित किया गया कि भूमि का आवंटन यथासंभव ग्राम पंचायत के बीच वाले राजस्व ग्राम में ही किया जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा भूमि का आवंटन शीघ्र करने हेतु समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किये कि भूमि आवंटन हेतु विभागीय एवं फर्म की टीम गठित करें, जिससे भूमि आवंटन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सकें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसीलदार लहरपुर को निर्देश दिये गये कि फेज–2 में आवंटित समस्त योजनाओं का भूमि आवंटन शीघ्र पूर्ण करायें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देश दिये गये कि अगले एक सप्ताह में डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में भूमि प्रस्ताव हेतु 2, 3 भूमि Suggest करें, जिससे मानक के अनुसार शीघ्र भूमि प्रस्ताव प्राप्त किया जा सके।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये कि बृहस्पतिवार की साप्ताहिक बैठक में UPPCL को भी बुलाना सुनिश्चित करें, जिससे कि स्कूलों में कराये गये कार्यो की समीक्षा की जा सके। टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि 105 स्कूलों की जॉच कम्प्लीट कर ली गयी है, जिसकी रिपोर्ट बृहस्पतिवार की साप्ताहिक बैठक में प्रस्तुत की जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि प्रगति रिपोर्ट Cover Agreement wise बनाकर अगली मीटिंग में प्रस्तुत किया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>सीतापुर | मुख्य विकास<br>अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | जिलाधिकारी,<br>(अध्यक्ष) |

पृ0 संख्याः 467 / DWSM (ws) / 10 दिनॉक 27/07/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
3– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
5– समस्त आइ0एस0ए0।
6– डी0पी0एम0यू0।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
सीतापुर



Scanned by CamScanner